क्विक हील की सीएसआर पहल 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स' नागपुर पहुंची

नागपुर। वैश्विक साइबरसुर क्षा समाधान प्रदाता क्विक हील ने अपने फाउंडेशन के माध्यम से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उ‍त्‍तरदायित्‍व के तहत नागपुर में 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स' का आयोजन किया। इस समारोह में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता बढ़ाने, खासकर महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के हाशिये पर खड़े समुदायों के बीच, के लिए भाग लेने वाली शिक्षण संस्था, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों को सराहा गया। पुरस्‍कारों का वितरण क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुश्री अनुपमा काटकर और भाग लेने वाले छह संस्‍थानों के शैक्षणिक प्रतिनिधियों ने किया। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन नागपुर के प्रियदर्शिनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में हुआ था। क्षेत्र के स्वयंसेवी संस्थानों में गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, नागपुर; प्रियदर्शिनी कॉलेज ऑफ इंजीरियरिंग, नागपुर; सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज, काम्‍पटी; शंकरलाल खण्‍डेलवाल कॉलेज, अकोला; सुधा सुरेशभाई मनियार कॉलेज, नागपुर और जे.एम. पटेल कॉलेज, भंडारा शामिल थे। समारोह में भाग लेने वाले संस्थानों के 140 से ज्‍यादा स्‍वयंसेवी उपस्थित थे। शिक्षण संस्था, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहने के लिये पुरस्‍कारों की अलग-अलग श्रेणियाँ थीं। हर श्रेणी के विजेताओं का मूल्‍यांकन 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' प्रोग्राम में उनकी सक्रिय भागीदारी पर कॉलेजों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर किया गया, जिनमें उनके कार्य, गतिविधियाँ और पहुँच के प्रयास शामिल थे। क्विक हील फाउंडेशन की वेबसाइट पर वोटिंग के लिये एक पेज रखा गया था, जिसमें नामित प्रदर्शनों के वीडियो क्लिप्स थे।